राष्ट्रपति भवन पहुंचे झारखंड सहित पांच राज्यों के 460 छात्र, राष्ट्रपति ने की बात

रांची | केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि उनका संकल्प है, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों के छात्रों का सर्वांगीण विकास हो। मंगलवार को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत झारखंड, छत्तीसगढ़, ओड़िशा, राजस्थान और मध्यप्रदेश के एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों में पढ़ने वाले 460 छात्रों का दल राष्ट्रपति भवन पहुंचा और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। इस दौरान सभी छात्रों से राष्ट्रपति ने मुलाकात कर संवाद किया। मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री बिंदेश्वर टुडू भी उपस्थित थे।